बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-413
06/12/2024

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने अर्पित की श्रद्धांजलि

पटना, 06 दिसम्बर 2024 :– भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर पटना हाई कोर्ट के निकट बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर प्रतिमा प्रांगण में राजकीय समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री महेश्वर हजारी, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, सांसद श्री संजय कुमार झा, विधायक श्री संजीव चौरसिया, विधान पार्षद श्री संजय सिंह, राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, आयुक्त पटना प्रमंडल श्री मयंक वरवड़े, जिलाधिकारी डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने भजन–कीर्तन, बिहार गीत के साथ बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेदकर की जीवनी पर आधारित गीतों का गायन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

******